हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

11 मंत्री ने किसानों को जहरमुक्त खेती करने के लिए किया प्रेरित



12 अकाल गतका ग्रुप ने हैरतअंगेज करतब..






## खबर संक्षेप

### श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक आज भिवानी में

**भिवानी।** श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक 15 जनवरी को गांव कुड़ल का दौरा कर जनसमस्याएं सुनेंगे। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार श्रम राज्य मंत्री धानक गांव में नव निर्मित धानक धर्मशाला तथा पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे।

### मारपीट कर पेट्रोल पंप मालिक से 60 हजार छीने

**भिवानी।** बीती रात बलियाली व सूई के बीच अज्ञात बाइक सवारों ने पेट्राल पम्प मालिक पर हमला करके 60 हजार रुपये छीन लिए। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्योति प्रकाश ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

### चीफ इंजीनियर ने किया पंप हाउस का निरीक्षण

**बाढ़ड़ा।** सिंचाई विभाग के एससी ने बीती देर रात बेरला सहित दूसरे पंप हाउसो का औचक निरीक्षण किय। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति आदि का निरीक्षण किया और मोटरों की संख्या बढ़ाने और नहरी पानी चोरी रोकने के निर्देश दिए। बता दे कि शनिवार रात करीब दस बजे सिंचाई विभाग के चीफ इंजिनियर बिजेंद्र नारा चरखी दादरी जिले में लोहारू डिवीजन के बेरला बिलावल आदि पंप हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहरों की सफाई करने निर्देश दिए। उन्होंने पंप हाउसों पर मोटरों की संख्या बढ़ाने व पानी चोरी रोकने के निर्देश दिए।

# कड़ाके की ठंड से मुरझाने लगी सब्जियों की फसलें

## चप्पल कद्दू, बैगन व आलू की फसल पूरी तरह से प्रभावित हो रही

अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही किसानों को इस फसल से हाथ धोने पड़ सकते हैं। वहीं रविवार को भी जबरदस्त ठंड रही। पारा पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही दोपहर बाद चटक धूप खिलती हो,लेकिन कड़ाके की ठंड से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। कड़ाके की ठंड की वजह से सब्जियों की फसलों ने भी दम तोड़ना आरंभ कर दिया है। हालांकि किसान मोटे अनाज वाली फसलों के लिए फायदेमंद मान रहे है,लेकिन सब्जियों में चप्पल कद्दू, बैगन व आलू की फसल पूरी तरह से प्रभावित हो रही है।

कड़ाके की ठंड की वजह से चप्पल कद्दू की फसल तो पूरी तरह से जलने लगी है। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही किसानों को इस फसल से हाथ धोने पड़ सकते है। वहीं रविवार को भी जबरदस्त ठंड रही। पारा पांच डिग्री सेल्सियस के आसपास ही घुमता रहा।



कड़ाके की ठंड से मोटे अनाज की फसलों में तो रौनक है,लेकिन सब्जियों की फसले मुरझाने लगी है। सबसे ज्यादा असर चप्पल कददू, आलू, बैगन व टमाटर की फसलों पर दिखाई देने लगा है। इन फसलों के पत्ते कड़ाके की ठंड की वजह से जलने लगे है। चप्पल कद्दू की बेलों के ज्यादा ठंड की वजह से पत्ते गिरने शुरू हो गए है। आगे फूल आना भी बंद हुआ है। अगर अगले एक.दो दिनों तक इसी तरह सर्दी का सितम रहा तो चप्पल कद्दू की फसल पूरी तरह से झुलस जाएगी। पैदावार खत्म हो जाएगी। ऐसे में मोटा नुकसान होने की आशंका बन जाएगी। सबसे ज्यादा नुकसान चांग व उसके आसपास के इलाकों में होने की आशंका है। क्योंकि इन्हीं इलाकों में चप्पल कद्दू की सबसे ज्यादा फसल उगाई जा रही है। सब्जियों की फसलों में नुकसान की आशंका बनी है।

### धुंध की तनी चादर, लोगों ने अलाव का लिया सहारा

रविवार को लोग जब सोकर उठे तो उस वक्त चहुंओर धुंध की चादर तनी हुई थी। दस मीटर से ज्यादा दूरी का दिखाई नहीं दे रहा था। वाहन एक दूसरे के पीछे लग कर चले। वाहन चालकों को आधे घंटे का सफर एक से सवा घंटे में तय करना पड़ा। यह स्थिति सभी मार्गों पर बनी। दोपहर 11 बजे जब धूप खिली तो लोगों की दिनचर्या पटरी पर लौटी। इस दौरान पारा 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा। लोगों ने कड़ाके की ठंड से अलाव के सहारे बैठक छुटकारा पाया। दोपहर तक अनेक जगहों पर लोगों ने अलाव जलाकर अपने आप को ठंड से बचाया। दूसरी तरफ से जनजीवन ही नहीं पशु भी प्रभावित हुए है। खासकर दुधारू पशुओं में दूध देने की क्षमता काफी हद तक प्रभावित हुई है।

# कैंसर मरीजों की सहायता के लिए 73 युवाओ ने किया रक्तदान



**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ जरूरतमंद लोगों की जिंदगी बचाने में सहयोग करते हुए करना चाहिए रक्तदान : राजेश डुडेजा

रक्तदान ना केवल महादान,बल्कि जीवनदान भी साबित होता है। रक्तदान.जीवनदान की महिमा को सार्थक कर दिखाने के उद्देश्य से जिला के गांव बीरण में रविवार को बाबा बूढ़ा मंदिर हॉल में ग्राम विकास मण्डल के सहयोग से एआईआईएमएस बाढ़सा झज्जर की ब्लड बैंक की टीम की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र सिंह बीरण के आयोजन में आयोजित किया गया। शिविर में 73 यूनिट एकत्रित किया गयाए जो कैंसर मरीजों की जरूरतमंद की जान बचाने में रामबाण का काम करेगा।रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शतकवीर राजेश डुडेजा ने शिरकत की। इस अवसर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया, शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदाता को सम्मान मिलना चाहिए और रक्तदाताओं को सामाजिक कार्यों के लिए युवाओं को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि ऐसे सामाजिक कार्य अनवरत जारी रहने चाहिएं। सरपंच प्रतिनिधि जोगिंदर फोगाट ने कहा कि रक्तदान करने वाले रक्तदाता के दिल की सेहत में भी सुधार आने के साथ.साथ दिल की बीमारियों एवं स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से खून में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूकता मिलेगी।

# फर्जी मुठभेड़ मामला: दो दिन में दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो होगी पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** रविवार को धरने को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

फर्जी मुठभेड़ और 10 लाख की रिश्वत मामले में कार्रवाई की मांग के लिए शिकायकर्ता पक्ष का धरना रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा। पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई नाखुश परिजनों ने रोष प्रकट किया। रविवार को भिवानी बार एसोसिएशन के प्रधान सत्यजीत पिलानिया व अधिवक्ता धरना स्थल पर पहुंचे और समर्थन कर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस न्याय की लड़ाई में परिजन एवं अधिवक्ताओं के साथ है। उन्होंने दूसरे दिन धरने की घटना का जिक्र र करते हुए कहा कि जिस तरह से धरने पर बैठे वकील एवं बुजुर्गो के साथ पुलिस द्वारा जो अत्याचार किया है ऐसा अत्याचार अंग्रेज भी नहीं करते थे। धरना देना हमारा अधिकार है, लेकिन पुलिस ने धरने पर बैठे लोगों को वहां से उठा दिया। धरने पर वक्ताओं ने एसपी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि जब पुलिस प्रशासन ने एक इंस्पेक्टर और एएसआई को निलम्बित किया तो उन पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए,किन्तु ऐसा नहीं हुआ है। जिससे प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन दोषी पुलिस कर्मचारियों को बचाना जाता है। उन्होंने एसपी और हरियाणा सरकार से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से दोषी पुलिस कर्मचारियों की एफआईआर व गिरफ्तारी होनी चाहिए। रविवार को धरने पर निर्णय लिया कि अगर पुलिस तुरंत दोषी पुलिस कर्मचारियों पर मामला दर्ज नहीं करती है तो महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत में दादरी को भिवानी की अधिवक्ताओं के अलावा खाप पंचायत के पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

# पैरा ओलंपिक गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों ने 35 स्वर्ण पदक, 25 सिल्वर, 27 ब्रॉन्ज मेडल जीते



**चरखी दादरी।** विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ दिव्यांग खिलाड़ियों में और अधिक खेलने की क्षमता मिलेगी : सांगवान

पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा गोवा में चल रहे 37वें नेशनल चैंपियन गेम्स में प्रदेश के पैरा ओलंपिक के खिलाड़ियों ने 35 स्वर्ण पदक, 25 सिल्वर, 37 ब्रॉन्ज जीतकर देश का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया पैरा ओलंपिक संघ के पूर्व उप प्रधान सत्य प्रकाश सांगवान ने विजेता खिलाडिय़ों को ट्रॉफी प्रदान करते हुए कहा कि आज देश व विदेश में खिलाड़ियों ने पदक जीतकर हरियाणा की झोली में डालने का काम किया है। जो दिव्यांग खिलाड़ियों व देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इससे दिव्यांग खिलाड़ियों में और अधिक खेलने की क्षमता मिलेगी। पैरा ओलंपिक गेमों में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिल नायडू, राजस्थान,गुजरात, दिल्ली,महाराष्ट्र, आंध्रा प्रदेश, उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, तेलगाना सहित अनेक राज्यों के पैरा ओलंपिक टीमों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणा प्रदेश की पैरा ओलंपिक टीम ने शानदार प्रदर्शन करके ट्रॉफी पर कब्जा किया है। इससे जीत से खिलाड़ियों में और अधिक खेलने की क्षमता मिलेगी। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से गोवा में पैरा ओलंपिक नेशनल गेम में जितने वाली टीम को सम्मान समारोह आयोजित करके सम्मानित करने की मांग की है।

## गोशालाओं के विकास के लिए सरकारी खजाने लबालब : वाल्मीकि

**भिवानी।** विधायक बिसम्बर वाल्मीकि ने कहा कि गोशाला में जरूरत के हिसाब से सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। गोशालाओं के विकास के लिए सरकारी खजाने लबालब है। गायों के चारे से लेकर गोशालाओं में शैड आदि के लिए सरकार दिल खोलकर बजट जारी कर रही है। गायों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। वे गांव खरक की गोशाला में दस लाख रुपये की लागत से बने शैड का उदघाटन करने के बाद ग्रामीणों से बात कर रहे थे। उनके यहां पहुंचने पर गौशाला प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने विधायक वाल्मीकि को श्री कृष्ण जी का चित्रपट भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला में गायों के चारे के लिए अपनी तनख्वाह में से 21 हजार रुपये का चेक दिया। उन्होंने बताया कि सीएम ने मकर संक्राति के उपलक्ष्य में गायों के चारे के लिए राशि भेजकर एक अति पुण्य का कार्य किया है। क्योंकि इस दिन आमजन गायों की सेवा व उनके चारे की व्यवस्था करते है। विधायक ने गायों को गुड़ भी खिलाया।



■ विधायक ने खरक में गो शाला शैड का किया उदघाटन

# चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ पांच विद्यार्थियों को पीएचडी डिग्री, 22 को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे राज्यपाल

■ समारोह की सभी तैयारी पूरी पांडाल में बैठने के लिए बनाई अलग गैलरी

चौ. बंसी लाल विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह 15 जनवरी को गांव प्रेम नगर स्थित विश्वविद्यालय के नए भवन परिसर में दोपहर बाद दो बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह मे हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो राज कुमार मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दीक्षांत समारोह में पांच विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी। राज्यपाल द्वारा बी फार्मेसी के तीन विद्यार्थियों तथा पीजी के 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा।

दीक्षांत समारोह में बी फार्मेसी के 2019 से 2023 बैच पीजी के 2020 से 2022 बैच के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा संत शिरोमणि स्वामी सदानंद को उनके द्वारा सामाजिक कार्योंर् में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्यपाल द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान राज्यपाल विश्वविद्यालय परिसर में तैयार किए गए हर्बल पार्क का भी शुभारंभ करेंगे। समारोह की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। पांडाल में बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। मीडिया के लिए अलग से गैलरी बनाई गई है। इसी प्रकार के पार्किंग की भी अलग से व्यवस्था की गई है ताकि जाम की कोई स्थिति ना बने। उन्होंने बताया कि विश्व विद्यालय में पहुंचने पर सबसे पहले राज्यपाल दत्तात्रेय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। उसके बाद राज्यपाल द्वारा लगभग 75 लाख की लागत से निर्मित हर्बल पार्क का उद्घाटन किया जाएगा।

## जरूरतमंदों को गरम कपड़े और कंबल बांटना जैसे परोपकार का पुण्य का बहुत महत्व : कंवर साहेब

# दान करने से घर में आती है बरकत और सम्पन्नता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आज हम मकर संक्रांति का पावन त्योहार मना रहे हैं। इस दिन जैसा कि नाम से ही जाहिर है कि सूर्य कर्क रेखा से मकर रेखा में प्रवेश करता है दक्षिणाय से उत्तरायण में प्रवेश करता है। इस प्रेरणास्पद दिन को भारत के विभिन्न हिस्सों में धूमधाम से मनाया जाता है। समय के साथ इस दिन के पश्चात रात्रि की अवधि कम होती है और दिन बढ़ता है। लोग अग्नि को जलाते हैं और सुबह सवेरे, वह अग्नि के चारों ओर बैठकर तिल की रेवड़ियां और मिठाई खाते हैं। इस दिन, नदियो, तालाबों और घरों में लोग बहुत जल्दी सुबह सवेरे स्नान करते हैं और आशीर्वाद मांगते हैं। तिल की रेवड़ियां और गुड़ की मिठाई बांटी जाती हैं और आनंद मनाया जाता है।

यह सत्संग वचन राधा स्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने गांव दिनोद स्थित राधा स्वामी आश्रम में एकत्रित हुए श्रद्धालुओं को फरमाया। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि एक मान्यता है कि इस दिन ब्रह्म मूरत में स्नान करने से अगले जन्म में बुरी योनि नहीं मिलती। अगर आप इस बारे में इतनी चिंता करते हैं, तो सिर्फ एक दिन के स्नान से नहीं, बल्कि हर रोज अपनी आत्मा की शुद्धि करें। प्रतिदिन प्रभु के नाम का सिमरण और ध्यान करके अपने पाप कर्मों को धोएं। जब आप अपनी आत्मा को इस सत्कर्म से दिन.रात शुद्ध करेंगे, तब या तो मोक्ष प्राप्त होगा और अगर नहीं मिलता है, तो भी अगली योनि निश्चित ही अच्छी होगी। इस दिन गरीबों को दान देना गौ माता को चारा देना, जरूरतमंदों को गरम कपड़े और कंबल बांटना जैसे परोपकार का पुण्य का बहुत महत्व है। कहा जाता है कि इस दिन दान करने से अगले जन्म में सेठ.साहूकार बनकर आते हैं और घर में हमेशा बरकत और सम्पन्नता रहती है। ये सभी कर्म करने की कोई मनाही नहीं है।



### वह नाम जिसे सतगुरु ने तुम्हें दिया है,उसका महत्व समझो

कंवर साहेब महाराज ने बताया कि यदि आप प्रभु का नामए बिना मन और स्वार्थपूर्ति के लिए भी जपोगे, तब भी आपका कल्याण होगा जैसे कि अजामिल का हुआ था। उन्होंने अपने बेटे का नाम नारायण रख लिया, सारी उम्र नारायण नारायण कहकर अपने बेटे को पुकारा और जब संतों की दया हुईए तो उन्होंने प्रभु के दरबार में उस नाम की पुकार को ही भक्ति में गिनवा दिया। इसलिए वह नाम जिसे सतगुरु ने तुम्हें दिया है,उसका महत्व समझो। जैसे तुम समाज के विभिन्न मौकों पर नए साल, जन्मदिन और आज के उत्सव को विविध और अद्वितीय तरीकों से मनाने के लिए प्रयास करते हो, उसी प्रकार अपने जीवन के हर दिन को ऐसे ही उत्सवभाव और हर्ष से भर दो। हर सुबह आत्मिक शुद्धि के रूप में ब्रह्म.मुहुर्त में स्नान करो, अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान और दक्षिणा करने का प्रयास करो, गरीबों की सहायता करने में जुट जाओ, नाम की कमाई करो। यदि कुछ नहीं कर सकते हो तो दूसरों के साथ आज की तरह खुशियां बांटने का प्रयास करो, तुम्हारा जीवन हर दिन एक उत्सव में परिवर्तित हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घाजंलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत।** पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

पानीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक हवलदार सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाडियों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

- हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही : मनोहर लाल

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

अंबाला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

- चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आश्वासन



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

## सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

- रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्नििर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

### सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रक्टि इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

### राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

### मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पित: निर्मल सिंह

**अंबाला।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा।

### ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है।

**दिन में मिली राहत** | बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद

## घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धूंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

## नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार,जोनी,राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप




### मकर संक्रांति पर्व का विशेष महत्व : राजू

**भिवानी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पूर्व सरपंच समाजसेवी राजू नांगल द्वारा कमला भवन में सर्वजातिय भाईचारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित हुए संत समाज को राजू नांगल ने अंगवस्त्र व दाक्षिणा देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू नांगल ने कहा कि मकर सक्त्रांति पर्व का विशेष महत्व है।



### हवन-यज्ञ के साथ मनाया स्थापना दिवस : जीएम

**भिवानी।** पालवास के स्थापना दिवस पर बाबा जीतनाथ युवा क्लब व समस्त ग्रामीणों द्वारा पालु सिंह चौक पर हवन.यज्ञ व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।समाजसेवी जीएम नरेश तंवर ने बताया कि हवन यज्ञ में पंडित वैजनाथ ने मंत्रोचारण के साथ आहुति ढाली तथा समस्त ग्रामीणों में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है जिसमें ग्रामीण व आस.पास के क्षेत्र से गणमान्य व्यक्ति भाग लेते हैं।



### अपने भीतर में स्थापित करे शांतिः कृष्णानंद

**भिवानी।** सिद्धपीठ बाबा जहर गिरी आश्रम में 19 जनवरी को परमहंस बाबा जहर गिरी की पुण्यतिथि के अवसर पर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत जहर गिरी आश्रम में आयोजित शिव कथा के तीसरे दिन कथा वाचक कृष्णानंद ने बताया की शिवपुराण कथा हमें बताती है कि सुंदरता और शांति की खोज में आप सारे संसार का चक्कर लगा लें, पर यदि यह आपके भीतर नहीं ह, तो फिर दुनिया में कहीं नहीं है।

### सौहार्द से जुड़ा हुआ है मकर संक्रांति : लोहिया

**भिवानी।** हनुमान ढाणी चौक पर हनुमान ढाणी दुकानदार एसोसिएशन एवं में संतोषी माता मंदिर के सहयोग से मकर संक्त्रांति पर प्रसाद लगाया गया । इस अवसर पर हजारों लोगों ने मकर संक्त्रांति का प्रसाद ग्रहण किया । जिसका शुभारंभ पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने किया। पीसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया एवं समाजसेवी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि मकर संक्रांति हमारे धर्म कर्म का पर्व है। आज के दिन जो लोग दान पुण्य कर एक दूसरे की मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ते हैं।

# छात्रों को निःशुल्क यातायात सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बनया रूट प्लान

- एक किलोमीटर से दूर आने वाले विद्यार्थियों को दी जाएगी नि:शुल्क यातायात सुविधा

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय से एक किलोमीटर की दूरी से विद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क यातायात सुविधा उपलब्ध करवाने की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए शनिवार को छुट्टी वाले दिन कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ ने कमान संभाली और बच्चों का रूट चार्ट प्लान को लेकर खंड कार्यालय में डटे रहे। जिसको लेकर भिवानी से जिला कोऑर्डिनेटर ललित कुमार भी पहुंचने और उन्होंने कार्य को पूरी तरह से संभाला। पायलेट प्रोजेक्ट में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा पहली से 12वीं तक के ऐसे विद्यार्थियों के लिए सुविधा शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले पहली से बारहवी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा लागू की है। जिन्हें विद्यालय जाने के लिए एक किलो मीटर से अधिक की दूरी तय करनी होती हैए उनके लिए निःशुल्क यातायात की व्यवस्था की योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया जाएगा।



**बवानीखेड़ा।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शनिवार को नि :शुल्क यातायात के लिए रूट चार्ट बनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### चार प्राथमिक स्कूल हो सकते हैं मर्ज

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विद्यालय में 20 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों को साथ के राजकीय प्राथमिक स्कूलों में मर्ज किया जा सकता है। जिसमें सुमड़ा खेड़ा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला को बवानी खेड़ा के रामॉसप्रापा बवानी खेड़ा, ढाणी देबा, ढ़ाणी दुर्जनपुर को जीता खेड़ी, ढ़ाणी रोहनात को रोहनात में शिफट किए जाने की योजना बताई जाती है और बताया जाता है कि यदि इनकी संख्या 20 से अधिक हो जाती है तो पंचायत के आह्वान पर फिर से उसी गांव में इन विद्यालयों को स्थापित किया जाएगा, लेकिन कितनी सच्चाई है ये जल्द सामने आएगी।

#### विद्यालय खुलते ही मिल सकती है यातायात सुविधा

खंड कार्यालय में रूट चाट प्लान तैयार करने व इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने पर बताया जाता है कि विद्यालय खुलते ही यातायात की सुविधा को अमलीजामा पहनाया जाएगा। कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कोर्डिनेटर ललित कुमार के महत्वपूर्ण योगदान से रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है जो भी आदेश प्राप्त होंगें उन्हें अमल में लाया जाएगा। वहीं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर ने बताया कि राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सुविधाएं मिलें इसके लिए विभाग द्वारा मांगी गई सूची को भेजा जा रहा है। जो आदेश प्राप्त होंगे उन्हें फॉलो किया जाएगा।

### पशुपालकों की खुशहाली के लिए लागू की जा रही नई.नई योजनाएं


# मंत्री ने किसानों को जहरमुक्त खेती करने के लिए किया प्रेरित

कृषि मंत्री दलाल बोले- ड्रोन से छिड़काव के लिए किसान को महज 100 रुपये प्रति एकड़ देना होगा बाकी खर्च सरकार वहन करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/लोहारू

कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की आय बढ़ाने व उनके जीवन में खशुहाली लाने के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। किसानों व पशुपालकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने किसानों से इफ्को द्वारा तैयार नैनो यूरिया व डीएपी का ड्रोन के माध्यम से प्रयोग करने व जहरमुक्त खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ड्रोन से छिडक़ाव के लिए किसान को महज 100 रुपये प्रति एकड़ देना होगा बाकी खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि गोवंश की रक्षा को लेकर प्रदेश सरकार प्रतिबद्घ है, इसी के चलते गौसेवा आयोग को बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए किया गया है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री दलाल रविवार को क्षेत्र के गांव मिताथल, तिगड़ाना,बिधवान और सोहासंड़ा गोशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मकर संक्रांति के पावन पर्व में गोशालाओं में कृषि एवं पशुपालन मंत्री दलाल ने दिल खोलकर दान दिया। उन्होंने ग्रामीणों से भी गौशालाओं में अपनी श्रद्घा अनुसार सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने गांव तिगड़ाना व सोहासंड़ा गोशाला में 11 लाख रुपए और मिताथल गौशाला में एक ट्रैक्टर देने की घोषणा की। कृषि मंत्री ने गांव बिधवान गोशाला में 11 लाख रुपए और एक पानी का टैंकर देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार का हर संभव प्रयास है कि किसान और पशुपालकों का जीवन खुशहाल हो और उनके परिवार में समृद्घि आए। इसके लिए सरकार द्वारा पशुपालन, बागवानी और मछली पालन में सब्सिडी पर आधारित अनेक योजनाएं हैं, जिनका किसानों व पशुपालकों को फायदा उठाना चाहिए। कृषि मंत्री दलाल ने कहा कि पॉलीहाऊस व नेट हाऊस पर 25 लाख रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। भेड़.बकरी पालन के लिए 50 लाख रुपए का तक अनुदान दिया जा रहा है। गौशालाओं में हरे चारे की गांठ बनाने की फैक्ट्री के लिए एक करोड़ रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसी प्रकार से झींगा पालन से लाखों रुपए कमाई की जा सकती है, जिस पर सरकार की अनेक सब्सिडी योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आज सब्सिडी पर आधारित योजनाओं या काम की कोई कमी नही हैं, बशर्ते करने वाला चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए नई.नई मंडियां चलाई जा रही हैं और उनमें सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। किसानों की सुविधा के लिए जापान से 2700 करोड़ रुपए का ऋण लिया है, जिससे पैक हाऊस खोले जा सकेंगेए जिसका सीधा लाभ किसान को होगा। उन्होंने कहा कि खेती को घाटे का सौदा नहीं रहने दिया जाएगा। सरकार पराली प्रबंधन पर दी किसान को एक हजार रुपए प्रति एकड़ दे रही है। तिगड़ाना कार्यक्रम में कृषि मंत्री दलाल को घोड़ों के रथ के माध्यम से गोशाला में कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रमों में कृषि मंत्री का पगड़ी व फूल.मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। सभी गावों में ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों को कृषि मंत्री दलाल ने मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा करवाने का आश्वासन दिया।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते कृषिमंत्री।

# अनैतिक कार्यों के विरोध में उतरे दुकानदार

- निजी होटल के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के नरवाना रोड स्थित एक निजी होटल में अनैतिक कार्य और अश्लीलता परोसे जाने पर स्थानीय दुकानदार उतर आए हैं। रविवार को नरवाना रोड पर जींद कल्याण समिति के नेतृत्व में लोग एकत्रित हुए और पटियाला चौक स्थित पुलिस चौकी प्रभारी को शिकायत दी। शहरवासियों ने आरोप लगाया कि नरवाना रोड पर खुले निजी होटल से आसपास का माहोल खराब हो गया है। जिसका असर उनके बच्चों पर पड़ रहा है। शहरवासी प्रदीप, रणबीर, प्रेम भुक्कल, सतीश, आकाश, नरेंद्र, मनीष, अनिल कुमार, कुलदीप, नसीब, कप्तान, गुलाब और कृष्ण कुमार ने बताया कि निजी होटल काफी समय से खुला है और यहां अनैतिक कार्य होते हैं। जिससे बच्चों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। कई बार यहां युवकों द्वारा शराब पीकर हुड़दंग मचाने की घटनाएं हो चुकी हैं। जब भी कॉलोनी के लोग होटल में गलत कार्य का विरोध करते हैं तो बिल्डिंग मालिक और होटल कर्मचारी उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। यह होटल पुलिस प्रशासन की छवि को भी धूमिल कर रहा है। उन्होंने पुलिस से होटल में छापेमारी कर संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। पटियाला चौक प्रभारी समरजीत ने बताया कि एक निजी होटल के खिलाफ पुलिस को शिकायत मिली है। पुलिस ने होटल संचालक को बुलाया है।



# गृहस्थ जीवन में पति-पत्नी के बीच विश्वास और श्रद्धा का होना बहुत जरूरी : पूणेंर्दु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कथा में वृंदावन धाम से पहुंचे कथा व्यास स्वामी पूर्णेन्दु ने कहा कि भगवान श्री राम की कथा मर्यादाओं से भरी हुई है । जिसमें संस्कार और संस्कृति जीवंत उदाहरण हैं और भगवान की कथा में परिवार का निर्माण है। इसलिए हर घर में भगवान श्री राम की कथा होनी चाहिए। हर घर में रामायण होनी चाहिएए क्योंकि इन महान ग्रंथों के माध्यम से ही हम धर्म की स्थापना कर सकते हैं यदि हम अपने ग्रंथों से दूर भागते रहे तो हमारा धर्म खतरे में है। इसलिए धर्म के संरक्षण से राष्ट्र का संरक्षण है । हमें अपने ग्रंथ के साथ जुड़ना चाहिए। स्वामी पूर्णेन्दु ने कहा कि श्री श्रीराम कथा कलयुग में भगवत प्राप्ति का सबसे सरल माध्यम है।

भगवान की कथा शौभाग्यशाली लोगों को मिलती है। जो कानों के माध्यम से व्यक्ति के मन में प्रवेश करती है। इससे भगवान की छवि मन में बैठ जाती है और भगवत दर्शन की लालसा पैदा करती है। इसी लालसा से ही रास्ता निकाला जाता है। उन्होंने राम नाम की महिमा बताते हुए कहा कि कलयुग में योग, यज्ञ ,जप, तप, व्रत, पूजा जैसे साधना के कठिन मार्ग संभव नहीं है। केवल भगवान के नाम का सुमिरन ही भवसागर से पार कर सकता है। उन्होंने माता सती के अभिमान और बिन बुलाए अपने पिता के यज्ञ में जाने और भगवान शंकर का अपमान होने पर योग अग्नि के द्वारा अपने शरीर को जलाकर भस्म करने की कथा सुनाई।



**भिवानी।** आयोजित कथा में प्रवचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि



# श्रुति चौधरी के निर्देश पर मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों में बांटे कम्बल

**भिवानी।** मकर संक्त्रांति पर पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के निर्देश पर शहर के भिन .भिन इलाकों में अमरसिंह हलवासिया, कृष्ण लेंघा, ब्लॉक कोर्डिनेटर देवराज मेहता और बार एसोसिएशन के प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने जरुरत मंदो में कम्बल वितरित किएए इस मोके पर सभी जरूरत मंदो को सर्दी से सावधान रहने की ताकीद की गई, ठंड ज्यादा है,सभी को अपना ध्यान रखना चाहिए, श्रुति चौधरी का भिवानी से विशेष लगाव है, श्रुति को भिवानी का हर आदमी अपने परिवार का सदस्य लगता है, कठिन समय में को हमेशा ही लोगो की मदद की, करोना कॉल में एक फोन की कॉल पर लोगो को भिवानी से महेंद्रगढ़ तक कैंसरए शुगर और तरह की दवाई जो मरीज को जरुरत थीं घर घर पंहुचाई, ऑक्सीजन सेलिन्डर की किल्लत के बावजूद, सेलिन्डर भिजवाए, पूर्व सांसद में सच में सेवा का जनून रहता है। इस अवसर पर रविंद्र खरे, बबलू भटनागर, राजबीर बोहरा,नवीन धमीजा, भीम मुंजाल, सुभाष शर्मा आदि उपस्थित थे

# त्योहारों से बढ़ता है भाईचाराः फौजी

- फौजी ने कलिंगा से शुरू की हर घर कांग्रेस, घर .घर कांग्रेस मुहीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोनीपत लोकसभा के प्रभारी एवं पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने गांव कलिंगा से हर घर कांग्रेस घर.घर कांग्रेस मुहीम का श्री गणेश किया। इस दौरान उन्होंने गांव कलिंगा के लोगों को मकर संक्रांति के पर्व की बधाई दी और कहा कि इस तरह के पर्व से आपस में भाईचारा व प्रेम की भावना बढ़ती है। साथ ही उन्होंने गांव कलिंगा निवासी स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की शहादत का जिक्र करते हुए कहा कि उन जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत वे आज खुली हवा में सांस ले रहे है। स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ न्याय यात्रा आज मणिपुर से शुरू कर रहे है। ताकि लोगों को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से मुक्ति दिलाई जा सके। हरियाणा प्रदेश ही नहीं ए बल्कि पूरे देश में मोदी विरोधी लहर चल रही है। आमजन भाजपा की नीतियों से बेहद परेशान है। जनता भाजपा से छुटकारा पाना चाहती है। भाजपा ने पीपीपी आईडी देकर लोगों को लाइनों में खड़ा होने पर मजबूर कर दिया है। युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



**भिवानी।** जनसभा को संबोधित करते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी।



# युवा जनहित ट्रस्ट ने लगाया शिविर 140 युवाओं ने किया रक्तदान

***बाढ़ड़ा।*** *युवा जनहित ट्रस्ट द्वारा मकर संक्त्राति के अवसर पर रविवार को बाढड़ा बस स्टैंड के सामने विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में में समाज सेवी उमेद सिंह पातुवास ने बतौर मुख्य अतिथि व समाज सेवी शेखर नांधा और चंडीगढ़ हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनूप श्योराण व सूबेदार सुमेर सिंह जांघू ने विशिष्ठ अतिथि के तौर पर पहुंचकर रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकेर सम्मानित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। शिविर में कृष्णा ब्लड बैंक चरखी दादरी की टीम ने डॉ. सुरेंद्र की अगुवाई 140 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उमेद सिंह पातुवास ने कहा कि रक्दाताओं द्वारा दान किया गया रक्त जरूरतमंदों की जान बचाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के जरिए भले ही रक्तदाता जरूरतमंद के प्राण बचाकर उसकी प्रत्यक्ष रूप से सहायता ना करे लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से वह उसके प्राण बचाकर उसको एक नया जीवन देने का कार्य करता है। रक्तदान के बाद रक्तदाता को अलग ही सकून मिलता है।*

# लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व मिलन और प्यार का प्रतीक : बीके सुमित्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत देश विभिन्न धार्मिक त्यौहारों का देश है। हर त्यौहार का हमारी संस्कृति में विशेष महत्व है होता है। यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज शाखा सिद्धि धाम प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने उपस्थित ब्रह्मावत्सों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि लोहड़ी व मकर सक्त्रांति का पर्व मिलन व प्यार का प्रतिक है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पर्व खुशहाली व मौसम परिवर्तन का भी प्रतिक माने जाते हैं। इन पर्व पर ठंड कम होती जाती है। इन दिनों में किसानों के खेतों में खड़ी फसलें लहलाते हुए वातावरण को हराभरा व मनमोहक बनाती हैं। उन्होंने कहा कि इन पवोंर् पर मानव को अपने जीवन में खुशहाली लाने के लिए आध्यात्म व योग को अपनाने की जरूरत है। आध्यात्म व योग करने से हमारी आत्मा प्रबल होती है और मन खुशहाल होता है और आत्मीक शक्ति व बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति अन्य देशों से अलग है यहां पर अनेक धमोंर् के लोग रहते हैं इसके बावजूद ही हमारे देश में विभिन्नता में एकता का समावेश है और हर धर्म हमें यही संदेश देता है।

इस अवसर पर बीके आरती, बीके शारदा, बीके राजबाला, बीके संतोष, बीके सुशील, बीके ओमप्रकाश, बीके शुभम,बीके राजेश व मीडिया प्रभारी बीके धर्मवीर सहित अनेक ब्रह्मावत्स उपस्थित रहे।



भिवानी। एकत्रित महिलाओं को संबोधित करते हुए।

# गोमाता की सेवा करना ही पुनीत कार्य

- मास्टर सतबीर रतेरा ने गोशाला में आर्थिक सहयोग कर मनाई मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी मास्टर सतबीर रतेरा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर गांव खरक व मिताथल की गौशाला में आर्थिक सहयोग किया गया। मास्टर सतबीर रतेरा आज खरक कला में श्री दादी जाबदे गौशाला समिति द्वारा आयोजित गौमाता संगीत कार्यक्रम एवं रागनी कम्पीटिशन तथा मिताथल में बाबा खुबीनाथ नंदीशाला में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। यहां दोनों की जगहों पर मास्टर सतबीर रतेरा का जोरदार स्वागत किया गया।

वहीं मास्टर सतबीर रतेरा ने दोनों की गांवों की गोशालाओं को आर्थिक सहयोग दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति और गौमाता का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रहा है। मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि मकर संक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गोमाता गरीबों असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन गौ माता का णी है। जन्म देने वाली मां के पश्चात गोमाता का दूध ही सर्वश्रेष्ठ है। बिना गोसेवा गोरक्षा के विश्व का कल्याण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गौ माता में तैंतीस करोड़ देवी.देवताओं का वास है। गाय ही साक्षात भगवान है यह बात हमारे ध्यान में जाए और ऐसा ध्यान करके गौ सेवा की जाए तो गौ सेवा से भगवत प्राप्ति संभव है। मास्टर सतबीर रतेरा ने गउमाता की सेवा के प्रति गांव खरक व मिताथल वासियों के आस्था व भक्ति को नमन करते हुए कहा कि ये दोनों ही गांव गोसेवा की अद्भुत मिसाल है, जिसके लिए मैं समस्त ग्रामवासियों को बधाई देता हूं। इस मौके पर सरपंच नीटू पहलवान,गौशाला प्रधान बबलू चौहान, प्रबंधक सीताराम, महासचिव दीप जांगड़ा, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र परमार, सचिव अनिल शमा, सतबीर थानेदार, जयराम मल्हान,अनिल सरपंच, सुरेन्द्र नम्बरदार, तरूण बीडीसी सदस्य,सोमी शर्मा, नरेश पूर्व सरपंच रेवाडी खेड़ा, पूर्व बीडीसी सदस्य जयपाल जांगड़ा आद मौजूद रहे।



भिवानी। 1 आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए।

### 'परमात्मा को जानकर जीवन को उत्सव बनाएं'

**भिवानी।** आज सतगुरु माता सुदीक्षा के पावन आशीर्वाद से बीते वषोंर् की भांति समूचे निरंकारी जगत में भक्ति पर्व मनाया गया। इसी श्रृंखला में स्थानीय हांसी गेट स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भव्य सत्संग कार्यक्त्रम का आयोजन किया गयाए जिसकी अध्यक्षता मिशन के ज्ञानप्रचारक संत हेमंत कुमार ने की। यह कार्यक्त्रम विशेष रुप से महान संतों को समर्पित किया गया, जिन्होंने अपना सारा जीवन निष्काम भाव से सत्गुरु की सेवा में लगाया और सत्गुरु की आज्ञानुसार अपने आपको चलाते हुए हजारों इंसानों का कल्याण किया। विशेष रुप से महात्मा संतोख सिंह जी के जीवन प्रसंगों से प्रेरणा ली गई। भिवानी जिले के शहरी तथा ग्रामीण इलाकों से भारी तादात में श्रद्धालुओं ने कड़ाके की सर्दी के बावजूद अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर इस कार्यक्रम का आनंद लिया तथा सत्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### आवारा पशुओं को सर्दी से बचाने का किया प्रबंध

**तोशाम।** रविवार को मकर संक्रांति तके पावन अवसर पर गांव भेरा में प्रमुख समाजसेवी व किसान नेता सोम जनावा, सुरेश कलोईया, फकीरचंद नंबरदार व ओम चाहर ने आवारा छोड़े गए पशुओं को चारा खिलाया व कड़कती सर्दी से उनके रहने का भी प्रबंध किया। किसान नेता सोम जनावा ने ग्रामवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि ये हमारा फर्ज बनता है कि आवारा छोड़े गए पुशओं को सर्दी से बचाएं।

### अयोध्या से बुशान मंदिर में पहुंच अक्षत कलश

**तोशाम।** श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण होने और 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुशान मे बड़ी खुशी का माहौल है। इस दौरान जयसिंह शर्मा व डॉ. औम प्रकाश स्वामी ने अयोध्या से निमत्रण स्वरूप पहुचे अक्षत कलश पीले चावल,राम मंदिर का चित्र और निमत्रण पत्र स्वीकार कर घर. घर जाकर वितरित किये। जयसिंह शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी का दिन देश के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। हम सभी शौभाग्यशाली है कि अपनी आँखों से अयोध्या में राम मंदिर बनने का आज पूरे भारतीय का सपना पूरा होते देख रहे है। हम सभी को मिलकर इस दिन को ऐतिहासिक पर्व बनाना चाहिए।

### कुणबे में पहली बार हुआ कन्या कुआं पूजन

**भिवानी।** आमतौर पर परिवार में पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर खूब जश्न मनाया जाता है, लेकिन ऐसे भी कई परिवार हैं जहां बेटी के जन्म पर भी जमकर खुशियां मनाई जाती हैं। क्षेत्र के गांव देवराला निवासी व वार्ड नंबर.16 से पंच गुलशन निरंकारी व प्रिया के घर पहली जन्मी बेटी के जन्म के अवसर पर कुआं पूजन किया गया। कुणबे में पहली बार कन्या कुआं पूजन हुआ। सर्वप्रथम निरंकार प्रभु परमात्मा का सुमिरन करके धन्यवाद किया और कुआं पूजन की ओर रवाना हुए। दादा पूर्णमल सहायक लेखाधिकारी व पूर्व पंच की प्रेरणा से कन्या की दादी कलासो ने पहली पौत्री पैदा होने पर डीजे व लोकगीतो के साथ नाच.गाकर कुआं पूजन किया। इस दौरान घर पहुंचे रिश्तेदार और परिचितों ने बिटिया के सुखद भविष्य व दीर्घायु की कामना की।

श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली शोभायात्रा

# अकाल गतका ग्रुप ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर बांध दिया समां

- शोभा यात्रा में पंज प्यारों के आगे रास्ते को पवित्र कर की गई फूलों की बौछार
- विधायक घनश्याम सर्राफ ने भी शोभायात्रा में पहुँच कर जो बोले सो निहाल का जयकारा लगाकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के आगे हुए नतमस्तक हुए।





**भिवानी।** प्रकाश पर्व पर शोभायात्रा निकालते हुए व शोभायात्रा के दौरान करतब दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुरानी देवसर चुंगी स्थितु रद्वारा साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों से सजी पालकी में भक्तों के दर्शनार्थ के लिए शहर के मुख्य मार्गों पर ले जाया गया।

घोड़ा पालकी में अलग.अलग 4 साहिबजादों व गुरु गोबिंद सिंह,श्री गुरु नानक देव जी के चित्रों को सजाया गया। वही पंज प्यारों के आगे महिलाओं ने झाड़ लगाकर रास्ते को पानी से पवित्र किया तथा फूलों की बौछार भी की गई। इस दौरान भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ ने भी शोभायात्रा में पहुँच कर जो बोले सो निहाल का जयकारा लगाकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के आगे नतमस्तक हुए। गुरु गोबिंद सिंह बाज को नगर कीर्तन लाया गया जो कि शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण बिंदु नजर आया श्रद्धालुगण बाज के साथ सेल्फी लेते नजर आए। शोभा यात्रा में सजाई गई भव्य पालकी जब शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी तो शहरवासियों ने नतमस्तक होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का नमन किया।

यह नगर कीर्तन पुरानी देवसर चुंगी गुरूद्वारा साहिब से शुरू होकर रिंग रोड होते हुए दादरी गेट, जैन चौक, बिचला बाजार, मुख्य गुरुद्वारा में पंज प्यारों द्वारा मत्था टेकने के बाद घंटाघर, कृष्णा कॉलोनी, दिनोद गेट से होते हुए पुरानी देवसर चुंगी गुरुद्वारे में संपन्न हुई। शोभायात्रा में रास्ते में संगत द्वारा प्रसाद बांट कर खूब सेवा की गई। पंजाब के संगरूर से अकाल गतका ग्रुप द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। जिसमें आंखों पर पट्टी बांधकर दूसरे सिक्ख युवक के सिर पर नारियल रखकर उसे हथौड़े से तोडने के साथ-साथ अन्य करतबों ने भी दर्शकों के दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। अकाल गतका ग्रुप के जत्थेदार मनवीर सिंह ने बताया छठी पातशाह श्री हर गोबिंदराय ने मीरी.पीरी की शुरुआत की थी, जिसमें हर सिख को दो तलवारें रखने के आदेश दिए थे। एक तलवार योद्धा के रूप में व दूसरी भक्ति के रूप में दर्शाई गई थी। पुराने समय में मुगलों से टक्कर लेने के लिए सिक्खों को गतका मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जाती थी, ताकि आत्मरक्षा कर सके, ये सब गुरु के आदेश थे।

## भाजपा रामलला मंदिर पर कर रही है राजनीतिः मलिक




**चरखी दादरी।** मंच पर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का स्वागत करते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी की नहीं अनाज मंडी में पूर्व विधायक यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह द्वारा आयोजित सम्मान व मिलन समारोह में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा कि इंडिया गठबंधन भारत की राजनीति का भविष्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अयोध्या की रामलाल मंदिर पर राजनीति कर रही है। भगवान राम पूरे राष्ट्र के हैं और भाजपा गलत तरीके से फायदा उठाने का प्रयास कर रही है।

मलिक ने कहा कि राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा ऐतिहासिक साबित हुई है, उन्होंने राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा की यात्रा को छोटा कर चुनाव अभियान में समय लगना चाहिए। सत्यपाल मलिक ने कहा कि वह ना ही कोई पार्टी ज्वाइन करेंगे और ना ही चुनाव लड़ेंगे जो भी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को हराएगी उस पार्टी के चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने एकत्रित होकर इंडिया गठबंधन बनाया है जो भारतीय जनता पार्टी को हराने में सक्षम है। यही गठबंधन भारतीय राजनीति का भविष्य बनकर सामने आएगा। गठबंधन की मध्य से देश के लोगों के सामने एक नया विकल्प सामने आया है। मलिक ने भाजपा पर पांच करते हुए कहा कि कभी धर्म तो कभी जात.पात आज रामलला मंदिर पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अग्नि वीर योजना लागू करके युवाओं में खिलाड़ियों के साथ धोखा किया है। मलिक ने कहा कि देश में एक बार फिर किस आंदोलन शुरू हो सकता है। आंदोलन के माध्यम से किस सरकार की विरोधी नीतियों के साथ एकत्रित होंगे तथा आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हर साल सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है।

# हरियाणवी ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटोरीं

- यदुवंशी स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**भिवानी।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि, श्रवण कुमार विधायक सूरजगढ एवं गौरव अग्रवाल ;चेयरमैन कैरियर परामर्श समिति, एनआईआरसी ऑफ आईसीएआई विशिष्ट अतिथि तथा अध्यक्ष के रूप में राजेन्द्र सिंह यादव पूर्व गृहमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के अध्यक्ष के रूप में शिरकत की।

सर्वप्रथम गणेश एवं सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों एवं आगंतुकों का अभिनंदन किया। हरियाणवी नृत्य ने हरियाणा तथा पंजाबी नृत्य ने पंजाबी संस्कृति की याद दिलाई। समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में हरियाणा प्रदेश महान, मिश्री जैसा बोल पिया का, भारत के कोने.कोने में, थारी हेली में 64पिड्डी पिया, थाली बाजेगी, यो मेरा हरियाणा, सावण आया है जिसाआग्यारी, सुथरा भरतार तथा धूम मची हरियाणा की ने खूब धूम मचाई। यदुवंशी स्थापना दिवस मिलके मनावांगे_ हरियाणवी ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी जनों को भव्य समारोह में पहुंचने पर उन्हें शक्ति का जनाधार बताया तथा सभी को मकर संक्रांति_पर्व पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि राव बहादुर सिंह का शिक्षा के क्षेत्र में यह पुनीत कार्य लोगों के भविष्य को संवारने का काम करेगा। यदुवंशी शिक्षण संस्थान की पहचान आज पूरे प्रदेश में ही नहीं अपितु देश में बन चुकी है। उन्होंने राव बहादुर को एक कुशल राजनेता, धार्मिक,समाजसेवी के साथ.साथ असाधारण प्रतिभा का धनी बताया। आज पूरे देश में सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करवाने में यदुवंशी ग्रुप की अग्रणीय भूमिका रही है। पूर्व गृह मंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में दक्षिण हरियाणा में बढ़ते शिक्षा के प्रचार.प्रसार पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह को हार्दिक बधाईदी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने भव्य समारोह पर सभी लोगों के पहुंचने पर उनका तहे दिल से आभार जताया तथा उन्होंने पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# ढाणी फौगाट की टीम बनी विजेता

- खेलों से दिमाग व शरीर दोनों रहते है स्वस्थ : अजीत



**चरखी दादरी।** प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

चरखी दादरी के निकटवर्ती गाँव ढाणी फौगाट में तीन दिवसीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर गाँव घसौला के पूर्व सरपंच अजीत उर्फ जीटर ने शिरकत की। पूर्व सरपंच अजीत ने एक लाख रुपये नकद देकर खेल समिति का सहयोग किया।

उन्होनें कहा कि खेलों से दिमाग और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग वास करता है। प्रत्येक व्यक्ति को कोई न कोई खेल जरुर खेलना चाहिए। आज के विभिन्न कड़े मुकाबले देखे गए। कड़े संघर्ष के बाद तीसरे स्थान पर संयुक्त रुप से जिला झज्जर व अल्लखपुरा गाँव की टीम रही। दोनों टीमों को 11.11 हजार रुपये देकर खेल कमेटी ने सम्मानित किया। पहले स्थान पर बाबा जोतनाथ क्लब गाँव ढाणी फौगाट की टीम रही जिसको मुख्य अतिथि एवं खेल कमेटी ने एक ट्रॉफी व 31 हजार रुपये नकद देकर सम्मानित किया। भगत सिंह व बलराज फौगाट ने मंच संचालन किया। गाँव ढाणी फौगाट में पूर्व सभी फुटबाल व सभी खिलाड़ियों का भी कमेटी ने सम्मान किया। बूढ़ों की दौड़ हुई जिसमें शमशेर ढाणी फौगाट, हरपाल ढाणी फौगाट, मोजीराम व पूर्ण को इनाम देकर सम्मानित किया गया। बलराज फौगाट ने बताया कि ये खेल तीन दिन चले हैं जिसमें खेल प्रेमियों ने जमकर लुत्फ उठाया।

## डॉक्टरों ने 245 लोगों की आंखें जांचीं



**चरखी दादरी।** मॉडल जिला बनाओ संगठन द्वारा गांव खेड़ी बुराए द्वारकाए बिलावल व फोगाट में रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। खेड़ी बुरा में शिविरों का शुभारंभ सुरेशानन्द महाराज ने किया। माडल जिला बनाओ संगठन के युवा प्रधान अनिल साहू ने बताया कि ये खेड़ी बुरा गांव में लगे रक्तदान शिविर में एम्स से आई बाढ़डा के डॉ. दिप्ती व डॉ. रोहित की टीम ने 40 यूनिट रक्त का एकत्रित किया और चिकित्सा शिविर में गीताजंलि अस्पताल के डॉक्टरों ने 245 लोगों के नेत्रों की जांच की। वहीं गांव द्वारका में लगे नेत्र चिकित्सा शिविर में आई केयर अस्पताल के डॉक्टरों ने 176 लोगों व चिकित्सा शिविर में 130 लोगों के स्वास्थ को जांचा। इसी प्रकार बिलावल गांव में लगे चिकित्सा शिविर में 211 और फौगाट गांव में 123 लोगों की जांच की गई। साहू ने बताया कि इन चारों शिविर का लाभ 885 व्यक्तियों ने उठाया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा लगाए गए समस्त शिविरों में1500वां रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर ऐतिहासिक साबित होगा जो कल 15 जनवरी सोमवार को गांव चरखी के सोमनाथ मंदिर लगेगा।

# तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यशाला संपन्न

- संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने कार्यक्रम में पुनर्वास की बारीकियों से अवगत करवाया



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं स्पेशल स्कूल में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण व संसाधन अध्यापक विजय भारती ने कार्यक्रम के अंतिम दिन पुनर्वास को बारीकियों से अवगत करवाया। संसाधन अध्यापक ने सिद्धांतों के माध्यम से प्रतिभागियों को ये समझाने कि कोशिश कि हमे दिव्यांगो व उनके अभिभावकों से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में अवगत करवाना चाहिए ताकि वो उन सुविधाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। आज विश्व में 2.4 अरब लोगों को पुनर्वास करने की आवश्यकता है ।

समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम एक ऐसा माध्यम है जिससे हमारे समाज के लोग जो किसी भी कारण से पिछड़ गए है इन्हें समाज में फिर से पुर्नस्थापित किया जा सकता है ।पुनर्वास सेवाओ का प्रबंधन सरकारी, गेर सरकारी या निजी क्षेत्रो द्वारा किया जाता है ।संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने कहा कि हम शौभाग्यशाली है जो हम शिक्षा के साथ.साथ विशेष आवशयकताओं वाले बच्चो की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है उन्होंने यह भी बताया कि हमारा संस्थान प्रत्येक वर्ष सतत पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित करता है । इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ. सरिता श्योराण, प्रिंसिपल शारदा शर्मा, अनीता वर्मा,रिंकू कुमार, संदीप, मोहम्मद नसीम, अनीता शमा, मंजू, सवाली राम, प्रवीण जांगड़ा,आनन्द बराच, विनोद, रिहाना,बुलबुल जैन व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्तिथ रहें ।



**चरखी दादरी।** विजेता खिलाड़ी कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

## नेटबॉल स्पर्धा में छाए सांवड खिलाडी,गोल्ड मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बौंद खंड के गांव सांवड के बाल शिक्षा निकेतन स्कूल में स्थित नेटबॉल ग्राउंड में जूनियर आयु वर्ग की तीसरी जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें दादरी जिला के सभी खंडों की टीमों ने भाग लिया। इस दौरान खेलों का शुभारंभ नेटबॉल संघ के प्रधान मैनपाल सिंह और स्कूल प्रबंधक शिवकुमार भारद्वाज ने किया और खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की सीख दी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजकीय स्कूल सांवड ने 29.28 के स्कोर के अंतर से जीत प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में राजकीय स्कूल सांवड़ ने गोल्ड , बाल शिक्षा निकेतन स्कूल ने सिल्वर व झोझू की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में बाल शिक्षा निकेतन स्कूल के कैप्टन ईशांत शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड से दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान नेटबॉल संघ के महासचिव बालकिशन व ग्रामीण कल्याण समिति के अध्यक्ष विकास भारद्वाज ने पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# पैदल यात्रा कर जगाएंगे रामजी की अलख

## श्याम सुंदर सनातनी की पदयात्रा को 15 से रवाना करेंगे संत समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

22 जनवरी को अयोध्या ही नहीं,देश व प्रदेश के हर कोने में श्रीराम की जयकारें गूंज रहे है। इसी क्रम में सर्व समाज सेना ने श्री राम की घर वापसी के जश्न को ओर भव्य बनाते हुए भिवानी में सात दिनों तक पैदल यात्रा करके रामजी के नाम (अयोध्या में राम जी की घर वापसी) का न्यौता देने का फैसला लिया है। इस दौरान उनकी पदयात्रा को रोजाना समाज के संत अपना आशीर्वाद देकर रवाना करेंगे। सर्व समाज सेना के अध्यक्ष श्याम सुंदर सनातनी ने बताया कि इसी कड़ी में 15 जनवरी को अनाजमंडी जन सेवा सदन मंदिर से संत केशवनाथ पद यात्रा को रवाना करेंगे। इस दिन पदयात्रा गांव हालवास से से गांव कितलाना पहुंचेगी। 16 जनवरी को जोगीवाला मंदिर से गांव कायला, 17 जनवरी को राधा स्वामी सत्संग भवन से गांव फुलपुरा, 18 जनवरी को हनुमान जोहड़ी वाला मंदिर से लेकर गांव नंदगांव, 19 जनवरी को बाबा जहरगिरी आश्रम से लेकर गांव नवा राजगढ़, 20 जनवरी को मेहूनाथ आश्रम डाबर कॉलोनी से गांव अजीतपुरा,21 जनवरी को कृष्ण प्रणामी मंदिर से गांव धाराड़ू तथा 22 जनवरी को ब्रहमकुमारी आश्रम तोशाम रोड से गांव मानहेरू तक पहुंचेगी। वहां के मंदिर में अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। साथ ही वहां पर भंडारे का भी आयोजन होगा।



**भिवानी।** पदयात्रा का रूट मैप दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हर गांव में पांच ध्वज व 101 दीपक दिए जाएंगे

*सर्व समाज सेना के अध्यक्ष श्याम सुंदर सनातनी ने बताया कि पदयात्रा के दौरान प्रत्येक गांव में पांच-पांच ध्वज तथा 101 दीपक(दीए ) वितरित किए जाएंगे। ताकि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त गांव व मंदिरों में जलाए। इस दौरान लोगों को हर घर राम का न्यौता व धर्म के प्रति जागरूक किया जाएगा। चूंकि पीएम नरेंद्र मोदी की बदौलत ही पांच शतकों के बाद अयोध्या में राममंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।*

### 31 गांव व 31 वार्डों में पहुंचेगी पदयात्रा

*सर्व समाज सेना के अध्यक्ष श्याम सुंदर सनातनी ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाली पदयात्रा भिवानी के आसपास के 31 गांव तथा शहर के 31 वाडारे में पहुंचेगी। पदयात्रा में राम के नाम का जाप किया जाएगा। साथ ही इस दौरान 101 महिला व पुरुष व्रत रखेंगे। वे शाम के वक्त पदयात्रा के समापन पर व्रत खोलेंगे। गांवों में स्थित मंदिरों में ध्वज फहराई जाएगी। सेना के मीडिया प्रवक्ता प्रमोद पुनिया ने बताया कि पदयात्रा समापन अवसर पर गांव मानहेरू में भंडारे का आयोजन किया जाएगा और इस दौरान अयोध्या में राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। ताकि आमजन को अयोध्या मंदिर के दर्शन हो सके।*

